नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya**

**(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)**

***(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)***

---

# यशोदा महिला महाविद्यालय की छात्राओं का शैक्षणिक भ्रमण

वर्धा, 4 फरवरी 2020 : यशोदा महिला कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, नागपुर के अध्यापक एवं छात्राओं ने मंगलवार को महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय का शैक्षणिक भ्रमण कर अकादमिक एवं अन्य उपक्रमों तथा गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की।



महाविद्यालय की 40 छात्राओं के साथ महाविद्यालय के अध्यापक डॉ. प्रकाश सोनक, डॉ. प्रमोद फटिंग, डॉ. शरद सांबारे, डॉ. सूर्यकांत कापशीकर, डॉ. ए. एम. राऊत तथा डॉ. रश्मी नारनवरे आदि ने विश्वविद्यालय के स्वामी सरस्वती संग्रहालय, पराड़कर मीडिया लैब, मानवविज्ञान संग्रहालय और गांधी हिल का भ्रमण किया। जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे ने उन्हें विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों तथा अन्य अकादमिक गतिविधियों की जानकारी प्रदान की।